कोलार के निजी अस्पताल में सफल सर्जरी

पेट दर्द पर हुई जांच, निकला साढ़े चार किलो का ट्यूमर

भोपाल. शहर के निजी अस्पताल में हाल ही में एक महिला पेट में दर्द की समस्या को लेकर इलाज कराने पहुंची। निजी अस्पताल के डॉक्टर ने जब महिला की सोनोग्राफी जांच कराई तो पेट में साढ़े चार किलो का ट्यूमर होने की बात सामने आई।

इसके बाद अस्पताल की डॉ. वरुणा पाठक ने मरीज को तत्काल सर्जरी कराने की सलाह दी। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार महिला की सफल सर्जरी की कर साढ़े चार किलो का ट्यूमर निकाला गया। अब महिला पूरी तरह से स्वस्थ है।

तीन साल से था दर्द

सीहोर की रहने वाली 35 वर्षीय महिला को तीन साल से पेट दर्द की समस्या बनी हुई थी। इस दौरान उन्होंने सीहोर के कई डॉक्टरों से इलाज कराया। मगर आराम नहीं मिला। जिसके बाद वे इलाज के लिए भोपाल आईं। बता दें महिला का पेट दर्द के साथ लगातार फूल रहा था। ट्यूमर ने लगभग पूरा पेट की कवर किया हुआ था। आकार में इतना बड़ा हो गाया था कि महिला की पसलियों तक आ गया था। अगर यह समस्या लगातार रहती तो किडनी भी डैमेज हो सकती थी।

सालों से पेट दर्द से परेशान थी

महिला के पेट से निकाला 4.5 किलो वजनी ट्यूमर

भोपाल | सीहोर निवासी 35 वर्षीय एक महिला के पेट से साढ़े चार किलो वजनी ट्यूमर निकाला गया है। महिला पिछले तीन साल से पेट दर्द की शिकायत से जूझ रही थी। पिछले दिनों परिजन उन्हें इनायतपुर कोलार रोड स्थित प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में लेकर पहुंचे थे। यहां गायनीकोलॉजी डिपार्टमेंट में महिला को दिखाया गया था। डॉक्टरों ने मामले की गंभीरता को समझा और जांचें कराई। इस दौरान पता चला कि पीड़ित के पेट में बहुत पुराना ट्यूमर है, जिसका आकार लगातार बढ़ रहा है। परिजनों की सहमति पर महिला की सर्जरी की गई तो पेट से साढ़े चार किलो वजनी ट्यूमर निकाला गया। सफल सर्जरी के बाद महिला पूरी तरह से स्वस्थ है। यहां आने के पहले महिला ने कई जगह दिखाया था, लेकिन राहत नहीं मिल रही थी। पिछले दिनों पेट ज्यादा फूला और दर्द भी बढ़ गया था।